ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-11-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-11-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-11-18	2023-11-19	2023-11-20	2023-11-21	2023-11-22
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	30.0	31.0	31.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	16.0	16.0	17.0	17.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	30	27	28	21
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	17	17	18	18	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9	11	12	12	7
पवन दिशा (डिग्री)	49	53	44	46	59
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 30.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 16.0 से 17.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

सरसों की फसल में पेन्टेड बग व आरा मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर रोकथाम हेतु मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण 20 किलो प्रति हैक्टेयर में भुरकाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूं की फसल को अनावृत्त कंडवा रोग से बचाव हेतू बुवाई से पूर्व बीजों को विटावैक्स नामक दवा 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।
गेहूँ	गेहूं की फसल की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। उन्नत किस्में राज 1482,राज 3077, राज 3765, राज 3777, राज 4037, राज 4083, पी बी डब्ल्यू 590, जी डब्ल्यू 11 एंव के आर एल 213 है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	हैक्टेयर होनी चाहिएं। जिन खेतों में दीमक का प्रकोप हो तो क्लोरपाईरिफॉस 20 ईसी 5 लीटर प्रति हैक्टर की दर से पलेवा के साथ दें।
चना	चने में कटवर्म किट की रोकथाम हेतु क्यूनॉलफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की दर से भुरकाव करें।
जौ	जौ की उन्नत किस्मों की बुवाई करें । आर डी 2794, आर डी 2715, आर डी 2552, आर डी 103 एंव बी एल 2 उन्नत किस्में है। बुवाई हेतु 100 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से उपयोग में लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। बुवाई हेतु आर.जेड-19, आर.जेड-209, जी.सी-4 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12-15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। बुवाई से पूर्व बीज को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 4 ग्राम टाईकोडरमा विरिडी से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। बुवाई के तुरन्त बाद एक हल्की सिंचाई करें तथा दूसरी सिंचाई 6-7 दिन पशचात करें।
गाजर	गाजर की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई गुडाई करें तथा शेष बची नत्रजन की मात्रा 30 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 45 दिन बाद में दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम जैसे ठंड के कारण पशुओं को शेड और साफ-सुथरी जगह पर रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।